335. निम्नांकित में से किस विदेशी यात्री ने गुर्जर-प्रतिहार राजवंश की सैन्य शक्ति एवं समृद्धि का उल्लेख किया है?
(a) मार्को पोलो (b) सुलेमान
(c) अल बिरूनी (d) अब्दुल रज़्ज़ाक
RPSC-2017

Ans. (b) : अरब यात्री सुलेमान ने गुर्जर प्रतिहार राजवंश की सैन्य शक्ति एवं समृद्धि का उल्लेख किया हैं। सुलेमान मिहिरभोज के समय भारत की यात्रा की और मिहिरभोज को भारत का सबसे शक्तिशाली शासक बताया।

336. कन्नौज पर अधिकार हेतु चले त्रिपक्षीय युद्ध में राजपूताना के किस वंश के शासकों ने भाग लिया?
(a) चौहान (b) गुर्जर प्रतिहार
(c) परमार (d) गहलोत
RPSC ST-81 G.K. & Horticulture 28-10-2018

Ans. (b) : कन्नौज पर अधिकार हेतु चले त्रिपक्षीय युद्ध में राजपूताना के गुर्जर प्रतिहार वंश के शासकों ने भाग लिया था। प्रतिहारों की उत्पत्ति गुजरात या दक्षिण पश्चिम राजस्थान से हुई थी। मिहिर भोज इस वंश का सबसे महान शासक था। गुर्जर प्रतिहारों का शासनकाल मुख्य रूप से आठवीं से दसवीं शताब्दी तक रहा।

337. घटियाला अभिलेख से संबंधित निम्नलिखित कथनों में असत्य हैं-
(a) अभिलेख में प्रतिहार शासक हरिश्चन्द्र एवं उसके वंशजों का विवरण है।
(b) अभिलेख में 'मग' जातीय ब्राह्मणों का उल्लेख है।
(c) अभिलेख में नागभट्ट-I के राजधानी को मंडोर में स्थानांतरित करने का विवरण है।
(d) यह अभिलेख 4 अभिलेखीय लेखों का एक समूह है।
Varisht Computer Anudeshak -19.06.2022

Ans. (c) : घटियाला अभिलेख जोधपुर में घटियाला नामक स्थान पर स्थित है। यह संस्कृत भाषा में उत्कीर्ण है। प्रथम लेख में कुक्कुक नामक प्रतिहार शासक की न्यायप्रियता वीरता, राजनीतिक वैभव का उल्लेख है। इस अभिलेख में हरिश्चन्द्र से लेकर कुक्कुक तक प्रतिहार शासकों की वंशावली मिलती है। यह लेख मग द्वारा लिखे गए तत्कालीन प्रतिहार वंश की राजनीतिक, सामाजिक एवं धार्मिक नीतियों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के महत्वपूर्ण स्रोत है। घटियाला अभिलेख चार अभिलेखीय लेखों का एक समूह है।

338. घटियाला शिलालेख किस भाषा में लिखा गया था?
(a) फ़ारसी (b) संस्कृत
(c) हिंदी (d) मारवाड़ी
RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

339. घटियाला प्राकृत अभिलेख किस प्रतिहार शासक से सम्बन्धित है?
(a) दद्ध (b) वत्सराज
(c) नागभट्ट (d) कक्कुका
कनिष्ठ अभियन्ता सिविल संयुक्त भर्ती परीक्षा-2020
Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I

Ans. (d) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

340. निम्नलिखित में से कौन-सा शिलालेख प्रतिहारों का इतिहास बताता है?
(a) मंडोर शिलालेख (b) नंदस्युपा स्तंभ शिलालेख
(c) घोसुंडी शिलालेख (d) बिजौलिया शिलालेख
कनिष्ठ अनुदेशक (फिटर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (a) 685 ई. का जोधपुर में स्थित मंडोर का शिलालेख से प्रतिहार शासकों के विषय में जानकारी प्राप्त होती है।

341. निम्नलिखित में से कौन-सा मण्डोर के प्रतिहारों के इतिहास की जानकारी देता है?
(a) सम्भोली अभिलेख (b) घटियाला अभिलेख
(c) बीजापुर अभिलेख (d) अरथुना अभिलेख
प्रयोगशाला सहायक-2018 (03 फरवरी 2019)
48 LA2018_Question Paper Code-48

Ans. (*) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

342. अभिलेख, जो प्रतिहार शासक कक्कुक की आभीरों पर विजय का दावा करता है-
(a) बीजोलिया अभिलेख (b) अर्थुणा अभिलेख
(c) घटियाला अभिलेख (d) चीरवा अभिलेख
Gram Vikash Adhikari (Mukhya Pariksha) 09-07-22

Ans. (c) : प्रतिहार शासक कुक्कुक की आभीरों पर विजय का दावा "घटियाला अभिलेख" में किया गया है। "घटियाला अभिलेख" 861 ई. में जोधपुर में प्रतिहार शासक कुक्कुक द्वारा स्थापित करवाया गया था। इनमें से एक लेंख प्राकृत भाषा में शेष चार लेख संस्कृत भाषा में उत्कीर्ण करवाए गए थे।

343. किस अभिलेख में गुर्जर प्रतिहारों का लक्ष्मण के वंशज कहा गया है?
(a) घटियाला अभिलेख (b) जोधपुर अभिलेख
(c) ग्वालियर अभिलेख (d) दौलतपुर अभिलेख
कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (c) ग्वालियर अभिलेख में प्रतिहारों को क्षत्रिय माना गया है। इसी अभिलेख के अनुसार यह वंश सौमित्र (लक्ष्मण) से उद्भूत है।

344. राजौरगढ़ का शानदार कलात्मक वैभव किस युग से सम्बन्धित है?
(a) चौहान (b) गुर्जर-प्रतिहार
(c) गुहिल-सिसोदिया (d) राठौड़
RPSC-2018
RPSC Collage Lecturer-2018
सहायक सांख्यिकीय अधिकारी 2018
कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा 2018
कनिष्ठ अनुदेशक कार्यशाल गणन एवं विज्ञान 2018

Ans. (b) : राजौरगढ़ तथा आभानेरी का शानदार कलात्मक वैभव गुर्जर-प्रतिहार युग से संबंधित है। राजोरगढ़ का प्राचीन नाम राज्यपुर या नीलकंठ है। यह अलवर जिले की राजगढ़ तहसील में स्थित हैं नीलकंठ मंदिर के पास एक शिलालेख मिला है। जिसमें गुर्जर-प्रतिहार वंश के बारे में जानकारी दी गई है।

345. राजस्थान में प्रतिहार वंश के संस्थापक हरिश्चन्द्र की राजधानी कौन सी थी?
(a) मण्डाना (b) भीनमाल
(c) मेड़ता (d) मण्डोर
RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II